# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025


**फैक्ट फाइल**

### अद्भुत होगा नजारा

*सूर्यकिरण एरोबैटिक्स टीम हवाई करतब दिखाती है। इसके 9 हॉक टी-1 फाइटर जेट्स जैसे ही उड़ान भरते हैं दर्शकों की नजरें आसमान में टिकी रह जाती है। इन विमानों से रंग-बिरंगे धुएं से आसमान पर तिरंगा भी बनाया जाता है। इसके साथ ही एयर शो में विमान तीन-तीन और दो-दो के सेट में एक के बाद एक करतब दिखाते हैं। सबसे खास हवा में बना हार्ट शेप, जिसने दर्शकों का दिल जीतने वाला होता है। इसके अलावा शो में युवाओं को समर्पित करते हुए वाय फॉर्मेशन भी बनाई जाती है। विमानों की रफ्तार 150 किमी प्रति घंटे से लेकर 650 किमी प्रति घंटे तक होती है। वायु सेना की सूर्यकिरण टीम भारतीय वायु सेना की एक एरोबेटिक या हवाई करतब दिखाने वाली टीम है, यह टीम भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठा और कौशल का प्रतीक मानी जाती है और इसे दुनिया की श्रेष्ठ एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।*

**वायुसेना के शौर्य प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी**

# राज्योत्सव पर वायुसेना का शौर्य प्रदर्शन, सेंध जलाशय के पास एक दर्जन विमान आसमान पर दिखाएंगे करतब

हरिभूमि न्यूज रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर भारतीय वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन होगा। सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आकर्षक करतब दिखायेगी। इस शौर्य प्रदर्शन में वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार इस दौरान करीब एक दर्जन विमान आसमान में हवाई करतब दिखाएंगे। इस आयोजन के लिए वायु सेना के अधिकारियों-कर्मचारियों की एक बड़ी टीम यहां आएगी। इनके कार्यक्रम के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सर्वे के बाद स्थल का किया चयन

बताया गया है कि इस आयोजन की तैयारियों के लिए हुई बैठक के बाद राज्य प्राधिकरणों के सदस्यों और एएनटीएफ मुख्यालय के एक प्रतिनिधि सहित एक टीम द्वारा टोही सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के दौरान, दो स्थल बाल्को मेडिकल सेंटर के पास खुला मैदान और सेंध झील प्रदर्शन के लिए ठीक ▶▶|शेष पेज 6 पर





### राज्योत्सव अब 5 दिनों का

राज्योत्सव पांच दिनों का होगा। 1 नवंबर से 5 नवंबर तक राज्योत्सव चलेगा। उदघाट्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। समापन में उपराष्ट्रपति आएंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्योत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस बार उत्सव खास होगा। गौरतलब है, कि राज्योत्सव पहले तीन दिनों का तय किया जा रहा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर पांच दिन कर दिया गया है।


**आनंद का सच्चा भाव®**

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) = | ₹87577/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) = | ₹106960/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) = | ₹116757/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### एक करोड़ के सोने के बिस्कुट जब्त

**कोलकाता।** बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेश सीमा के पास से 1.09 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुर्शिदाबाद जिले में चारभद्र अग्रिम सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 146 बटालियन ने सोमवार रात को सीमा के पास एक खेत में छिपाकर रखे गए आठ सोने के बिस्कुट जब्त किए।

### 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने छह करोड़ रुपये मूल्य की 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। चंदन की लकड़ी कथित तौर पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से तस्करी कर चीन और अन्य दक्षिण एशियाई देशों को भेजने के लिए लाई गई थी।

**नक्सल संगठन के माड़ डिवीजन को माना जाता है सबसे मजबूत**

# नक्सलियों का पूरा माड़ डिवीजन करेगा सरेंडर, 15 अक्टूबर तक डालेंगे हथियार

नक्सल संगठन में सबसे मजबूत माने जाने वाले माड़ डिविजन के सचिव ने बयान जारी कर 15 अक्टूबर तक हथियार डालने का ऐलान किया है। माड़ डिविजन सचिव ने कहा कि पोलित ब्यूरो मेंबर सोनू के नेतृत्व में लिए गए सशस्त्र संघर्ष त्यागने के निर्णय को हमारी माड़ डिविजनल कमेटी समर्थन करती है। माड़ डिविजनल कमेटी के नक्सलियों के हथियार डालना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वही माड़ डिविजन है, जो वरिष्ठ माओवादी नेताओं, पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति सदस्यों के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में प्रयुक्त होता रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ कांकेर

**खास खबर**

सुरक्षाबलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन में मिल रही सफलता को देखते हुए नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। लगातार ऑपरेशन से एक ओर जहां नक्सली भयभीत है, वहीं दूसरी ओर नक्सल संगठन सदमे में नजर आ रहा है। नक्सलियों ने एक बार फिर प्रेस नोट जारी कर 15 अक्टूबर तक माड़ डिविजन में हथियार डालने का ऐलान किया है। लगातार बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने और लगातार सरेंडर से नक्सली भयभीत होकर सरकार से ऑपरेशन रोकने की मांग कर रहे है।

जारी प्रेसनोट में कहा कि हमारे पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सोनू के नेतृत्व में लिए गए सशस्त्र संघर्ष त्यागने की निर्णय को हमारी माड़ डिविजनल कमेटी समर्थन कर रही है। हमारे डिविजन में मौजूद कई विभागों के साथी भी इसके पक्ष में हैं। इससे पहले हमारे पार्टी महासचिव और ब्यूरो प्रभारी के नेतृत्व में अप्रैल, मई महीनों में सरकार के साथ शाति वार्ता के लिए कोशिशों को भी हमने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### गलत निर्णयों के कारण कोशिशें रही विफल

जारी प्रेसनोट में माड़ डिविजनल सचिव सणीता ने लिखा कि कामरेड सोनू द्वारा उपलब्ध किये कैडर के लिए अपील और जनता के लिए अपीलों को हमने पढ़ा है। देश और दुनिया में बदलती परिस्थितियों को सही पहचान कर उसके मुताबिक क्रांतिकारी आंदोलन में जरूरी बदलाव करने में हमारे सीसी विफल रही। इसके परिणाम स्वरूप आंदोलन लगातार कमजोर होते आया। यही वजह है कि आंदोलन में जनता का सक्रिय भागीदारी भी कम हुई। आंदोलन को मजबूत करने व आगे बढ़ाने का कई मौके मिले, लेकिन हम इस्तेमाल नहीं कर सके। बदली हुई परिस्थितियों से मेल नहीं खाने वाले गलत निर्णयों के कारण हमारी कोशिशें विफल रहीं। इस स्थिति में सशस्त्र संघर्ष को त्याग कर सभी मित्र संगठनों से मिलकर जनता के बीच में काम करने का निर्णय हमने लिया है। आज की स्थिति में हमारे द्वारा लिए जा रहे इस निर्णय को समझने व समर्थन करने हम जनता से अपील कर रहे हैं।

## लगातार ऑपरेशन से भयभीत नक्सली, सदमें में संगठन


भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
माड़ डिविजनल कमेटी
प्रेस वक्तव्य
04-10-2025
सशस्त्र संघर्ष को त्यागने का समर्थन में

### माड़ डिविजन नक्सल संख्या की बजाए नक्सलियों के शरणस्थली के लिए महत्वपूर्ण-आईजी

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि हाल ही में विभिन्न माओवादी समितियों द्वारा जारी किए गए बयानों की श्रृंखला के क्रम में एक और प्रेस नोट सामने आया है। इस बार माड़ डिविजन समिति सचिव के नाम से जारी प्रेसनोट में पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू उर्फ अभय की हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील का समर्थन किया गया है। यह घटना क्षेत्र के बदलते हुए जमीनी हालात का स्पष्ट संकेत है। माड़ डिविजन नक्सलियों की संख्या की बजाए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र लंबे समय से वरिष्ठ माओवादी नेताओं, पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति सदस्यों के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में प्रयुक्त होता रहा है।

### केन्द्र व राज्य सरकारों से ऑपरेशन रोकने की अपील

नक्सलियों ने आगे लिखा कि केन्द्र व राज्य सरकारों से हमारी अपील है कि डिविजनल कमेटी द्वारा लिये गये इस निर्णय को डिविजन में मौजूद पार्टी और जन निमार्णों के साथियों को समझाने की जरूरत है। लगातार जारी दमन अभियानों के बीच इस काम को पूरा नहीं कर सकेंगे। कम से कम समय में इसे हम पूरा करेंगे। हम जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि माड इलाके में कोई गैर- कानूनी गतिविधियां नहीं रहेंगी। इसके लिए कुछ समय के लिए पुलिस गश्त अभियानों को स्थगित करें। हम इस महीने की 15 तारीख से पहले इस काम को पूरा करेंगे।

**तेज-तर्रार अफसर रहे कुमार**

# हरियाणा के आईपीएस ने की खुदकुशी, जापान दौरे पर आईएएस पत्नी

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरण कुमार मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास में मृत पाए गए और उनके शरीर पर गोली के जख्म मिले हैं। कुमार की पत्नी अमनीत पी कुमार आईएएस अफसर हैं और हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं। अमनीत फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के तौर पर जापान में हैं।



हरियाणा पुलिस के तेज-तर्रार और विवादों में घिरे कुमार की जिंदगी का अंत उतना ही रहस्यमयी रहा, जितना उनका प्रशासनिक सफर। 2001 बैच के इस आईपीएस अफसर ने कभी सत्ता के सामने झुकना नहीं सीखा। वो सिस्टम में रहते हुए भी भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विसंगतियों और ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे। उन्होंने 7 अक्टूबर 2025 को चंडीगढ़ में मौजूद अपने सरकारी आवास में खुद को गोली मारकर जान दे दी। इस घटना ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर दिया है। पूरण कुमार (52) को हाल ही में रोहतक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आत्महत्या पर सवाल

7 अक्टूबर 2025 की सुबह, चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित उनके सरकारी आवास से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब पुलिस टीम अंदर पहुंची, तो वाई. पूरन कुमार को खून से लथपथ हालत में पाया गया। उनकी मौत ने पूरे प्रशासनिक ढांचे को हिलाकर रख दिया, क्योंकि पूरन कुमार और उच्चाधिकारियों के बीच लंबे समय से टकराव के हालात थे और कई बार वह खुद को सिस्टम का शिकार बताते रहे थे। हरियाणा सरकार ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, लेकिन पुलिस जगत में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या वाई. पूरण कुमार प्रशासनिक दबाव का शिकार बन गए?






**हाईकोर्ट ने तीन माह में लाभ देने कहा**

# पदोन्नति निरस्तीकरण आदेश अवैध-मनमाना, किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में डीजीपी द्वारा जारी पदोन्नति निरस्तीकरण आदेश को अवैध और मनमाना करार देते हुए रद्द कर दिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी जाए और सभी परिणामी लाभ तीन माह के भीतर प्रदान किए जाएं।यह याचिका अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और ▶▶|शेष पेज 6 पर




### लघु दंड का कोई उल्लेख नहीं

न्यायालय ने कहा कि बाद में दी गई लघु सजा को पदोन्नति रद्द करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पात्रता सूची में केवल गंभीर दंड को ही पदोन्नति को प्रभावित करने वाला माना गया था, जबकि लघु दंड का कोई उल्लेख नहीं था। अतः अधिकारियों द्वारा लघु दंड के आधार पर पदोन्नति निरस्त करना स्व-विरोधाभासी और मनमाना है।

**महागठबंधन में सीट शेयरिंग हो चुकी है फाइनल**

# राजद 130 तो कांग्रेस 50 सीट पर लड़ेगी चुनाव!

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है।एक ओर सत्तारूढ़ एनडीए रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की बातचीत के बाद गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। अब केवल आधिकारिक घोषणा बाकी है। वहीं इससे पहले महागठबंधन के अंदर सीटिंग विधायकों को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने का निर्देश दे दिया गया है। आरजेडी राजद को गठबंधन में



सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। तेजस्वी की पार्टी को 130 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं कांग्रेस को 50 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। विकासशील इंसान पार्टी (कांग्रेस) को 20 सीटें, लेफ्ट पार्टियों (सीपीआई, सीपीआई (एमएल) , सीपीआई (एम) को कुल 35 सीटें, पारस गुट की लोक जनशक्ति पार्टी को 2 सीटें और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को भी 6 सीटें मिल सकती हैं।






# एक-एक कर 40 बकरों की दी गई बलि, खून पीता रहा बैगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मागढ़ गांव स्थित मानकेश्वरी देवी मंदिर में शरद पूर्णिमा के दिन बैगा ने 40 बकरों की बलि देकर उनका रक्त पीया। ग्रामीणों ने मानकेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर दुआ मांगी। बलि की ये परंपरा करीब 500 साल से चली आ रही है।

मानकेश्वरी देवी के भक्तों के मुताबिक इतना खून पीने के बाद भी बैगा के शरीर में कोई साइड इफेक्ट नजर नहीं आता है। उनकी माने तो इस दिन बैगा के शरीर में देवी मां आतीं हैं और वो बलि दिए गए बकरों का खून पीती हैं। बल पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है। मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि बलि पूजा से एक रात पहले यानी 5 अक्टूबर को निशा पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की गई। जब यह पूजा होती है तो राज परिवार से एक ढीली अंगूठी बैगा के अंगूठे में पहनाई जाती है। हालांकि ये अंगूठी बैगा के नाप की नहीं होती, लेकिन बलि पूजा के दौरान बैगा के अंगूठे में वो अंगूठी पूरी तरह से कस जाती है। इससे एहसास होता है कि अब देवी का वास बैगा के शरीर में हो गया है। उसके बाद श्रद्धालु बैगा के पैर धोते हैं और सिर पर दूध डालकर पूजा करते हैं।




## शरद पूर्णिमा के दिन मानकेश्वरी देवी की हुई विशेष पूजा-अर्चना

### हजारों की संख्या में आते हैं श्रद्धालु

मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि मां मानकेश्वरी देवी की काफी मान्यता है। बैगा के ऊपर मां मानकेश्वरी देवी सवार होती हैं। रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह के परिवार ने मंदिर की स्थापना की थी, तब से परंपरा चली आ रही है। बलि पूजा की मान्यताएं हैं, श्रद्धालु अपने मन से बलि देते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शरद पूर्णिमा के दिन कर्मागढ़ में होने वाले बलि पूजा को देखने रायगढ़ के अलावा दूसरे जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसमें रायगढ़ के जोबरो, तमनार, गौरबहरी, हमीरपुर, लामदांड, कुरसलेंगा, भगोरा, मोहलाई, बरकछार, चाकाबहाल, अमलीदोड़ा, ओडिशा के सुंदरगढ़ए सारंगढ़ जिले के विजयपुर, जुनवानी, बंगुरसिया सहित कई गांव शामिल हैं।

# 24 घंटे इंतजार के बाद मिली एंबुलेंस लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- निजी वाहन से 9 हजार खर्ज कर वापस लौटे पहाड़ी कोरवा ग्रामीण
- शव रखकर किया प्रदर्शन

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल गुड्डू कोरवा ने आखिरकार रायपुर पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पहाड़ी कोरवा युवक को रायपुर में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बड़ी विडंबना यह है कि पहले सिर में लगी गंभीर चोट के कारण तड़पते युवक एंबुलेंस के लिए 24 घंटे से अधिक इन्तजार करना पड़ा वहीं युवक की मौत के बाद उसे वापस घर लाने के लिए शव वाहन तक उपलब्ध नहीं हुआ। सड़क दुर्घटना का मामला होने के बाद भी बिना पीएम किए ही रायपुर से वापस कर दिया गया। इधर शव वाहन नहीं मिलने पर गरीब परिजन 9 हजार रुपए में निजी वाहन से शव लेकर वापस लौटे। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव रखकर प्रदर्शन किया ग्रामीणों के इस प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी ने भी समर्थन दिया। कांग्रेस ने मृतक के परिजन को मुआवजा देने के साथ ही दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। बता दें कि राजपुर विकासखंड के ककना मदेश्वरपुर निवासी 34 वर्षीय गुड्डू पहाड़ी कोरवा आ. छेखू पहाड़ी कोरवा को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 4 अक्टूबर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पहाड़ी कोरवा युवक की हालत गंभीर होने पर उसे एक दिन अस्पताल में स्टेबल करने के बाद 5 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे रिफर कर दिया गया था लेकिन उसके बाद युवक को रायपुर जाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। युवक अस्पताल के आईसीयू में वेंटीलेटर पर तड़पता रहा और परिजन अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के सामने गुहार लगाते रहे है। 24-25 घंटे तक अस्पताल में तड़पते रहने के बाद वेंटीलेटर वाला एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया।



शव रख कर प्रदर्शन करते परिजन व कांग्रेसी।

# कंपनी इंचार्ज और एसईसीएल अफसर पर अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- ओसीएम खदान बरतुंगा में खतरनाक विस्फोट से कई कर्मी हुए थे घायल

एमसीबी जिले के ओसीएम खदान बरतुंगा में 6 अक्टूबर को कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी और एसईसीएल अधिकारियों द्वारा खतरनाक तरीके से विस्फोटक पदार्थों का उपयोग कर लापरवाहीपूर्वक विस्फोट किया गया। घटना में कई कर्मचारियों को चोटें आरूं और कार्यस्थल व वाहनों को नुकसान पहुंचा।

जानकारी के अनुसार धमाके के समय ड्यूटी पर कार्यरत एसईसीएल कर्मी हसमत अली, मानसाय, शंकर, शिवकुमार, मानकुंवर, हीरामनी, ओवर मैन मनोज कुमार, डिप्टी मैनेजर सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे। धमाके में सभी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रीजनल अस्पताल कुरासिया भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट के दौरान कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के इंचार्ज शिवानंद और एसईसीएल के ब्लास्टिंग इंचार्ज रवि चक्रधारी मौजूद थे। आरोप है कि उनके द्वारा खतरनाक तरीके से आयुध विस्फोट कर न केवल सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि कर्मचारियों व आसपास की संपत्ति को गंभीर खतरे में डाला गया। घटना के संबंध में प्रार्थी राज पता सुधारू उम्र 19 वर्ष निवासी डोमनहिल सोनवानी की रिपोर्ट पर थाना चिरमिरी में कालरी प्रबंधक और कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के अधिकारियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 239/2025 धारा 288, 118 (1) बीएनएस एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा की जा रही है।


चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग, 8 घायल

# हाईकोर्ट ने अपोलो हॉस्पिटल के चार डॉक्टरों को दी बड़ी राहत, एफआईआर और चार्जशीट निरस्त



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपोलो हॉस्पिटल के चार डॉक्टरों को सात साल पुराने मामले में बड़ी राहत दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने याचिका मंजूर करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और निचली अदालत में पेश की गई चार्जशीट को निरस्त कर दिया। यह मामला वर्ष 2016 का है, जब अपोलो हॉस्पिटल में एक मरीज की मृत्यु के मामले में डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया था। 25 दिसंबर 2016 को दयालबंद निवासी एक युवक को गंभीर स्थिति में अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मरीज मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर के कारण अगले ही दिन 26 दिसंबर को निधन हो गया। इस घटना के बाद परिजनों ने सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में डॉक्टरों डॉ. सुनील कुमार केडिया, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन भांजा और मनोज कुमार राय के खिलाफ धारा 304304ए (गैर इरादतन हत्या) और धारा 201 (सबूत मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में डॉक्टरों ने वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील ओटवानी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह बताया गया कि मरीज गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था और उसकी मृत्यु मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर के कारण हुई। पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक के विसरा को रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा गया, जिसमें किसी प्रकार के सल्फास या अन्य संदिग्ध रसायन के अवशेष नहीं पाए गए। इसके अलावा यह भी बताया गया कि मामले में पहले सिम्स और बाद में राज्य मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। इस बोर्ड में कार्डियोलॉजिस्ट समेत पांच मेडिकल विशेषज्ञ शामिल थे। वर्ष 2023 में मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि डॉक्टरों की ओर से कोई लापरवाही नहीं हुई। बोर्ड ने यह भी कहा कि मरीज की मौत का कारण गंभीर स्वास्थ्य स्थिति और मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर था, न कि चिकित्सकीय चूक। बोर्ड की रिपोर्ट के बावजूद पुलिस विभाग के एक मेडिको लीगल विशेषज्ञ ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके आधार पर डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। इस रिपोर्ट में मृत्युपूर्व बयान रिकॉर्ड न करने और राइस ट्यूब को संरक्षित न करने जैसी कमियों का उल्लेख किया गया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इन कमियों का मरीज की मृत्यु से कोई सीधा संबंध है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में एफआईआर और चार्जशीट न्यायसंगत नहीं हैं। कोर्ट ने डॉक्टरों को यह राहत दी कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं ठहरता। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की बेंच ने स्पष्ट किया कि मेडिकल बोर्ड और विशेषज्ञ रिपोर्टों के आधार पर डॉक्टरों की कार्यवाही में लापरवाही साबित नहीं होती।

**DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH**
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक-3, तृतीय / चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
Phone: 0771-2221376, www.cgdteraipur.cgstate.gov.in, Email-cgdtecounselling@gmail.com

**सत्र 2025-26 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी का वेब साइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना कमांक/एफ-9-5/2023 / तक.शि./42 अटल नगर, दिनांक 11 मई 2023 में प्रकाशित निम्न प्रवेश नियम के अनुसार अर्हता होना अनिवार्य है।
1. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी) एवं डिप्लोमा फॉर्मेसी (डी. फॉर्मेसी) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023 2. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ फॉर्मेसी (एम. फार्मेसी) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023
ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रवेश प्रकिया का अवलोकन भी उपरोक्त वेब साइट के माध्यम से किया जा सकता है, तत्संबंधी तिथियों निम्नानुसार है।

| | प्रथम चरण हेतु तिथियों | | | | | द्वितीय चरण हेतु तिथियों | | | | | संस्था स्तर हेतु तिथियां | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | प्रवेश (Admission) |
| 1. बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी) 2. बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी) लेटरल 3. डिप्लोमा फॉर्मेसी (डी. फॉर्मेसी 4. मास्टर ऑफ फॉर्मेसी (एम. फार्मेसी) | 13.10.2025, 10:00 बजे से 18.10.2025 23:59 बजे तक | 24.10.2025, 17:00 बजे | 25.10.2025, 17:00 बजे तक | 29.10.2025, 16:00 बजे | 30.10.2025, 17:30 बजे तक 10:00 बजे से 04.11.2025 17:30 बजे तक | 07.11.2025 10:00 बजे से 10.11.2025 23:59 बजे तक | 12.11.2025, 17:00 बजे | 13.11.2025, 17:00 बजे तक | 15.11.2025, 16:00 बजे | 16.11.2025, 10:00 बजे से 19.11.2025 17:30 बजे तक | 21.11.2025, 10:00 बजे से 25.11.2025 23:59 बजे तक | 27.11.2025 17:00 बजे | 1. मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 01.12.2025, प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 2. संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 01.12.2025, 13:00 बजे से 05.12.2025, 13:00 बजे तक की जाएगी। 3. यदि संस्था में सीटें रिक्त रहती हैं तो 05.12.2025 को अपराह्न 13:30 बजे से 06.12.2025 17:30 बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थीयों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा -जो दिनांक 01.12.2025 को (क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)। (ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हें आबंटन नहीं मिला। (ग) सीट आवंटित/प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विकल्प का चयन करना चाहते हैं। |

सामान्य निर्देश:- 1. प्रथम चरण की कॉउंसिलिंग के उपरांत पर्याप्त सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही द्वितीय एवं तृतीय चरणों की कॉउंसिलिंग करायी जायेगी। 2 काउंसिलिंग में किया गया सीट का आबंटन प्राविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा। सत्यापन उपरांत स्थानांतरण प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेसन प्रमाण पत्र को छोड़ कर संस्था, अभ्यर्थी का मूल दस्तावेजों वापस करेंगे। 3. एक पाठ्यकम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है। 4. कॉउंसिलिंग के प्रत्येक चरण हेतु अभ्यर्थी को पृथक से आवेदन करना होगा, 5. द्वितीय चरण के काउंसलिंग में भाग लेने (रजिस्ट्रेशन करने) पर, यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रथम चरण में प्रवेश लिया हुआ है, तो उनका प्रथम चरण का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा 6. संस्था स्तर की काउंसिलिंग में, अभ्यर्थी को किसी एक संस्था हेतु ही अपने विकल्प भरने की छुट होगी। अभ्यर्थी जिस संस्था का विकल्प भर रहा है, उस संस्था में उपलब्ध अधिक से अधिक विकल्प भर सकता है। अभ्यर्थी जिन विषय के लिए विकल्प भरेंगे, उन्ही विकल्प हेतु आवंटन किये जाने के लिए विचार किया जा सकेगा। 7. संस्था स्तर की काउंसिलिंग हेतु आवेदन करने पर यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रवेश लिया हुआ है, तो वह तब तक निरस्त नहीं होगा, जब तक की अभ्यर्थी संस्था स्तर की काउंसिलिंग में प्रवेश नहीं लेगा। 8. रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन भी अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी। 9. ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, कक्ष कमांक-03, ब्लॉक-3, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2221376 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या cgdtecounselling@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़

जी. 252603968/1

# कोचिंग जा रहे छात्र का बाइक समेत किया गया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कोचिंग पढ़ने गए 10वीं के छात्र के अपहरण का मामला सामने आया है। अपहरणकर्ता नाबालिक को उसकी बाइक समेत पकड़कर लोजिस्टिक वैन में भरकर भाग निकले। हालांकि अपहरणकर्ताओं ने बच्चे को जशपुर जिले के बागबहार जंगल में लेजाकर छोड़ दिया और बाइक लेकर भाग निकले। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद छात्र ने फोन कर परिजन को जानकारी दी जिसके बाद परिजन उसे घर लेकर आए। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। इस दौरान सीसीटीवी में एक वैन नजर आई और वर्तमान में वैन के उड़ीसा में होने की बात कही जा रही है।

# मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाला मामले में बलविंदर सिंह छाबड़ा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाला मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने शहर से कंपनी के डायरेक्टर में से एक बलविंदर सिंह छाबड़ा उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया है। मुम्बई पुलिस ने सोमवार की शाम ही बलविंदर सिंह छाबड़ा को हिरासत में लिया था। मंगलवार को उसे सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया जहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर पुलिस मुम्बई ले गई। यह पूरा मामला निवेशकों के अरबों रुपए की ठगी और मनी लांड्रिंग से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि मिस्टर मिंट क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से देशभर के लोगों के रुपए निवेश कराए गए थे। आरोप है कि मिस्टर मिंट ने फर्जी एक्सचेंज बनाए, क्रिकेटर व अन्य बड़े खिलाड़ियों को धोखे में रखकर अपने कार्यक्रमों में शामिल कर लोगों का भरोसा जीता और फिर लोगों को झांसे में लेकर फर्जी क्रिप्टो करेंसी टोकन और कृत्रिम एक्सचेंज बनाए। इस दौरान कंपनी ने सेबी, आरबीआई जैसे नियामक संस्थानों के नाम से फर्जी दस्तावेज दिखाकर कारोबार किया।

**क्या आपको मोतियाबिंद है?**
मोतियाबिन्द का कराएं सफल ऑपरेशन



NABH Accredited

WORLD CLASS CATARACT TREATMENT
MICS - Micro Incision Cataract Surgery

- मोतियाबिन्द ऑपरेशन द्वारा दूर एवं पास के चश्मे से छुटकारा
- विश्वस्तरीय प्रीमियम IOL प्रत्यारोपण
  ( Alcon Panoptix, Vivity, Clareon, IQ, Toric Lens )
- एडवांस मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा
- विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनों से सुसज्जित रेटिना डिपार्टमेन्ट
- अनुभवी सर्जन (80 हजार सफल सर्जरी का अनुभव )
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, बिना पट्टी बांधे, शीघ्र रिकवरी
- 10 मिनट में ऑपरेशन और 2 घंटे में छुट्टी

कोल इंडिया लिमिटेड से मान्यता प्राप्त | छ.ग. शासन के कर्मचारियों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से मान्यता प्राप्त | द. पू. म. रेलवे के कर्मचारियों का कैशलेस ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त | इंश्योरेंस, टी पी ए कम्पनी से मान्यता प्राप्त

Vinayak Netralaya
**विनायक नेत्रालय**
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 9685333999

बिलासपुर
बुधवार 8 अक्टूबर 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा/द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 196
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***
मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 23.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार...



विचार पेज
2 वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा






# डोंगरगढ़ से गोंदिया के मध्य चौथी रेल लाइन, छग समेत 4 राज्यों की रेल परियोजनाएं मंजूर

**रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की होगी वृद्धि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में करीब 24,634 करोड़ रुपए की लागत वाली चार 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से गुजरने वाली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर ▶▶| शेष पेज 6 पर

## मोदी कैबिनेट की बड़ी सौगात : 24,634 करोड़ की लागत से चार 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं पर मुहर

### मंज़ूर किए गए चार बहु-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट

- वर्धा – भुसावल (तीसरी एवं चौथी लाइन) – 314 किमी (महाराष्ट्र)
- गोंदिया – डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) – 84 किमी (महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़)
- वडोदरा – रतलाम (तीसरी एवं चौथी लाइन) – 259 किमी (गुजरात एवं मध्यप्रदेश)
- इटारसी – भोपाल – बीना (चौथी लाइन) – 237 किमी (मध्यप्रदेश)





### गोंदिया-डोंगरगढ़ के बीच 84 किमी की परियोजना

उल्लेखनीय है कि 84 किलोमीटर लंबी परियोजना राजनांदगांव (छग) और गोंदिया जिलों से होकर गुजरेगी। इसे पांच वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के तहत 15 प्रमुख पुल, 123 लघु पुल, 1 सुरंग, 3 रोड ओवर ब्रिज और 22 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। आकांक्षी जिला राजनांदगांव में यह परियोजना न केवल यात्रियों के आवागमन को सुलभ बनाएगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और निवेश को भी नई दिशा देगी। यह रेल मार्ग क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकेगा और छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूती प्रदान करेगा। परियोजना पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष लगभग 30.6 मिलियन टन अतिरिक्त माल यातायात संभव होगा।

### सीएम साय ने पीएम और रेलमंत्री का जताया आभार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार कर रहा है। "डबल इंजन सरकार" के समर्पित प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास की पटरी पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ के विकास ▶▶| शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति 22 को आएंगी सबरीमला मंदिर



**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर को सबरीमला के भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन करेंगी। यह तुलमासा पूजा दर्शन का अंतिम दिन है। केरल के देवस्वओम मंत्री वी एन वासवन ने बताया कि राष्ट्रपति के शाम के समय इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने की योजना के बारे में राज्य सरकार को सूचना मिली है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर ड्रोन, विदेशी जानवर जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर सात ड्रोन, लगभग चार करोड़ रुपए मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा और तस्करी किए गए विदेशी जानवर जब्त किए। इस सिलसिले में बैंकाक और कोलंबो से आए चार यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने कोलंबो से आए एक यात्री को पकड़ा, जिसके ट्रॉली बैग के अंदर सात ड्रोन छिपाकर रखे गए थे। इनकी कीमत 32.19 लाख रुपए आंकी गई है।

### पटरी से उतर गए मालगाड़ी के 37 डिब्बे



**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर के पास मंगलवार सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। घटना में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बीकानेर से जैसलमेर की ओर जा रही एक मालगाड़ी बीकानेर मंडल के लालगढ़-फलोदी रेलखंड के गजनेर- कोलायत स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गई।

### हर्ष फायरिंग, गोली लगने से युवक की मौत

**अमेठी।** जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गार्थोलिया गांव में परिवारिक कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से युवक की मौत हो गयी। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गार्थोलिया गांव के मस्तराम यादव के घर पुत्री के जन्म के अवसर पर छह अक्टूबर सोमवार को एक कार्यक्रम था। कार्यक्रम में आए लोगों में देव यादव (उम्र 19 साल) भी शामिल था। देव ने देशी तमंचे से गोली चलाई लेकिन गोली आगे निकलने के बजाय पीछे की तरफ चली और उसके सीने में घुस गई। परिजन घायल देव को संजय गांधी अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मप्र-राजस्थान में अब तक 23 बच्चों की मौत, छह राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

# सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में राष्ट्रीय न्यायिक आयोग से कराएं जांच

*जहरीली कफ सिरप पर अब 6 राज्य जाग गए हैं। ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। पर, यह जहरीली सिरप कई राज्यों में सप्लाई हो चुकी है और कई बच्चे इसका सेवन कर चुके हैं। चिंताजनक बात ये कि पता नहीं किस राज्य से कितने बच्चों की मौत की खबर आ जाए?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्यप्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, पंजाब और तेलंगाना ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

- भोपाल के दवा बाजार में मिली प्रतिबंधित कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ की 80 बॉटल्स
- तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया, 5 दिन में मांगा जवाब
- अब तक श्रीसन फार्मा के मालिक और उसके किसी भी स्टाफर की गिरफ्तारी नहीं

**कफ सिरप कांड**



### सिरप की सैंपलिंग लेबोरेटरी में होगी जांच

मंगलवार को फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने भोपाल के दवा बाजार में छापेमारी की है। यहां पर कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ कफ सिरप के स्टॉक की जांच की गई। टीम ने तीन दुकानों से 80 बोतलें जब्त की हैं, जबकि दो अन्य दुकानों ने प्रतिबंधित कफ सीरप का स्टॉक कंपनी को वापस भेज दिया है। टीम ने सैंपल के लिए 10 बोतल को सील लेबोरेटरी भेजा है।

### परासिया में एक और बच्चे की मौत

परासिया क्षेत्र में एक और बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है।बच्चे की मौत किडनी फेलियर से हुई। प्रशासन ने मृतक बच्चे का नाम आधिकारिक सूची में दर्ज कर लिया है। साथ ही जिले में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

### आगर मालवा में अमानक दवाओं की खेप पहुंची!

आगर मालवा में भी अमानक दवाइयों की खेप पहुंचने की जानकारी पर प्रशासन तुरंत हरकत में आया। ड्रग्स विभाग की सतर्कता से रातों-रात कार्रवाई कर पूरी खेप वापस करवाई गई। एसडीएम मिलिंद ढोके के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और ड्रग निरीक्षण टीम ने जिले के मेडिकल स्टोर्स व एजेंसियों की जांच की। टीम ने स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस और दवाओं के सैंपल की जांच कर रिपोर्ट तैयार की।

### इधर, झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगाकर छीनी दीक्षा की जान

**सीहोर।** जिले के पीपलिया मीरा गांव की दो साल की मासूम दीक्षा की मौत झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से हो गई। बच्ची पांच दिन तक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझती रही। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम पीपलिया मीरा में उस वक्त कोहराम मच गया जब दो साल की मासूम दीक्षा पिता कन्हैयालाल की मौत हो गई। बरखेड़ी स्थित मुस्कान क्लीनिक में इलाज कराने गए थे, जहां डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा ने खांसी-बुखार के लिए इंजेक्शन लगाया।

**हिमाचल के बिलासपुर में भूस्खलन**

## पहाड़ से बस पर गिरा मलबा, 15 की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में मंगलवार शाम एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भालूघाट इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि बस में 30-35 यात्री सवार थे और यह मरोतन से घुमारवीं जा रही थी। इस क्षेत्र में सोमवार से रुक-रुककर बारिश हो रही है।

मौके पर मौजूद झंडूता से भाजपा के विधायक जे आर कटवाल ने फोन पर बताया कि अब तक मलबे से 18 शव बरामद किए गए हैं और तीन लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### रातभर जारी रहेगा रेस्क्यू ऑपरेशन

हादसे के बाद आसपास के लोग भी राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए जुट गए। अधिकारियों का कहना है कि बचाव कार्य रातभर जारी रहेगा। जल्द से जल्द बस के भीतर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

**पीएम मोदी-शाह ने दुख जताया-** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दुर्घटना ▶▶| शेष पेज 6 पर

**देशभर में निंदा, कई राज्यों में प्रदर्शन**

## सीजेआई पर जूता फेंकने वाला वकील रिहा, गवई की मां बोलीं- अराजकता को बढ़ावा



दिल्ली में आप नेताओं ने किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले आरोपी वकील राकेश किशोर को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया है। देशभर में घटना की निंदा हो रही है। हमले को लेकर कई राज्यों में प्रदर्शन हुए। इस मामले ने पूरे देश में एक नई बहस को जन्म दिया। अब इसी कड़ी में बीआर गवई की मां ने इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। वे कहती हैं, बीआर गवई पर जो जूता फेंका गया है, मैं उसकी कड़ी निंदा करती हूं। भारत का संविधान सभी को समान अधिकार देता है, लेकिन कुछ लोग कानून को अपने हाथ में लेते हैं और इस प्रकार का व्यवहार करते हैं जो संविधान के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### यह सीजेआई की हरकत पर मेरी प्रतिक्रिया

रिहाई के अगले दिन मंगलवार को राकेश किशोर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वो सीजेआई की हरकत पर मेरी प्रतिक्रिया थी। वकील ने 16 सितंबर को कोर्ट में दायर एक पीआईएल का सीजेआई द्वारा मजाक उड़ाने और जाओ और मूर्ति से प्रार्थना करो और उसे अपना सिर वापस लगाने को कहो, जैसे बयान देने का जिक्र करते हुए कहा कि, जब हमारे सनातन धर्म से जुड़ा कोई मामला आता है, तो सुप्रीम कोर्ट ऐसे आदेश देता है।

### हमले की निंदा, कार्रवाई की मांग

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हमले की कड़ी निंदा की। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई पर हमले के प्रयास की मंगलवार को निंदा की। पूरी जांच किए जाने एवं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया बयान**

## 60 करोड़ की ठगी मामले में शिल्पा से हुई पूछताछ



**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पिछले काफी वक्त से कथित 60 करोड़ रुपये की ठगी मामले को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने अभिनेत्री से पूछताछ की है। ईओडब्ल्यू ने शिल्पा से करीब 4 घंटे 30 मिनट तक पूछताछ की है।

### व्यवसायी से धोखाधड़ी का आरोप

शिल्पा और राज पर व्यवसायी दीपक कोठारी की तरफ से कथित आरोप लगाया गया है कि दंपति ने एक लोन-कम-इन्वेस्टमेंट डील में उसके साथ 60 करोड़ की धोखाधड़ी की है।

**सऊदी अरब ने दी बड़ी राहत**

## अब किसी भी वीजा पर कर सकेंगे उमराह



**नई दिल्ली।** हर साल पूरी दुनिया से लाखों की तादाद में मुसलमान तीर्थयात्रा उमराह पर जाते हैं। सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने ऐलान किया है कि अब सऊदी अरब का कोई भी वैध वीजा रखने वाला व्यक्ति उमराह कर सकेगा, चाहे उसका वीजा किसी भी तरह का क्यों न हो।

### इन वीजा से कर सकेंगे यात्रा

नए नियम के तहत, जिनके पास ई-टूरिस्ट वीजा, ट्रांजिट वीजा, वर्क वीजा, फैमिली विजिट वीजा या कोई भी अन्य वैध वीजा है वो भी उमराह कर सकेंगे।

**158 यात्रियों की बची जान**

## कोलंबो-चेन्नई विमान पक्षी से टकराया, एआई की उड़ान रद्द



**चेन्नई।** एअर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई उड़ान से मंगलवार को एक पक्षी टकरा गया, जिसके कारण एयरलाइन को अपनी वापसी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विमान में 158 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया।

### यात्रियों को दूसरे विमान से भेजा

एयरलाइन ने 137 यात्रियों के लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था की, जो बाद में कोलंबो के लिए रवाना हो गए। टक्कर के बाद विमान को कितना नुकसान हुआ है।

**तीन वैज्ञानिकों को मिला भौतिकी का नोबेल**

# क्वांटम प्रौद्योगिकी को किया उन्नत, इससे बनेंगे सुपर कंप्यूटर स्मार्ट सेंसर और ऊर्जा बचाने वाले उपकरण


एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम


जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट और जॉन एम मार्टिनिस को डिजिटल प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाली 'क्वांटम टनलिंग' पर शोध के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की मंगलवार को घोषणा की गई। क्लार्क (83) ने अपना शोध कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में किया। वहीं, मार्टिनिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में तथा डेवोरेट ने येल में और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में भी अपना शोध किया। क्लार्क ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की ▶▶| शेष पेज 6 पर

### किसने किसकी खोज की

जॉन क्लार्क कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1980 में जोसेफसन जंक्शन (एक सुपरकंडक्टिंग डिवाइस) में क्वांटम टनलिंग की खोज की। यह 'मैक्रोस्कोपिक' (बड़े स्तर पर) क्वांटम प्रभाव था, जो छोटे कणों तक सीमित न था।







मिशेल एच. डेवोरेट येल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं। उन्होंने सर्किट क्वांटम इलेक्ट्रोडायनामिक्स (सर्किट क्वांटम फिजिक्स) विकसित किया। उनकी खोज से इलेक्ट्रिक सर्किट को क्वांटम सिस्टम की तरह इस्तेमाल किया जा सका।

जॉन एम. मार्टिनिस कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, सांता बारबरा के प्रोफेसर हैं। उन्होंने क्वांटम बिट्स (क्यूबिट्स) में एनर्जी क्वांटाइजेशन दिखाया, जो क्वांटम कंप्यूटर्स का आधार है।

### नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को

नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को की जाएगी। पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जो इसके संस्थापक स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। नोबेल की 1896 में इसी दिन मृत्यु हुई थी। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 12 लाख अमेरिकी डॉलर) नकद प्रदान किया जाता है।

## चिंतन

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज करवाने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली है, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्र से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट कराने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।



वायु सेना दिवस
डॉ. एलएस यादव

भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रन के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देष्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन'



लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।

अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अपराध
डॉ. रमेश ठाकुर



# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा

कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है। अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गई थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन?

बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं।

लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को खांसी में कफ सिरप नहीं देने को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर चुकी है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गवा गए। क्या उनके परिजनों को महज 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देकर उनके जख्मों को भरा जा सकेगा? शायद कभी नहीं? ऐसे सख्त आदेश पहले भी दिए गए। ऐसे मुद्दे जैसे ही शांत होते हैं, कार्रवाही भी दम तोड़ देती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# यह मन का कमाल है



संकलित
## दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।


# जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
## प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। – *प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

# संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारद: गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67.6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, 'पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं।' गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद कुछ प्रगति अवश्य हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के रूप में वर्दीधारी महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। इसके अलावा महिलाओं ने स्थानीय मध्यस्थता का नेतृत्व किया है, लैंगिक-आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय को आगे बढ़ाया है।



## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर

ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा: केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है और अधिकतर लड़कियां वनस्पति आधारित आहार को अपना रही हैं।



## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय

पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### अतिरिक्त राशि स्वीकृत

जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री



### पीएम मोदी का आभार

मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।

-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर



### शर्मनाक घटना

मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुष्परिणाम है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

### मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय

# 'किन 3.66 लाख वोटरों के नाम काटे गए हैं?' चुनाव आयोग से मांगा डेटा

## बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय की है। इस बीच याचिकाकर्ता नई दलीलों के साथ अपने हलफनामे दाखिल करेंगे, जिन पर निर्वाचन आयोग जवाब देगा। साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख वोटों की भी जानकारी देने को कहा है जिनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में काटे गए हैं। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, लेकिन उन्हें इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। सिंघवी ने आरोप लगाया कि 3.66 लाख से अधिक लोगों के नाम बिना नोटिस हटाए गए, किसी को कारण नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि अपील का प्रावधान तो है, पर जब लोगों को जानकारी ही नहीं है, तो अपील का सवाल ही नहीं उठता।

### पारदर्शिता का पूर्ण अभाव

वहीं, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि अब तक 47 लाख नाम हटाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2003 और 2016 के आयोग के निर्देश बताते हैं कि फर्जी मतदाताओं को हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन इस बार पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है। भूषण ने कहा कि 65 लाख मतदाताओं की जानकारी अदालत के आदेश के बाद ही दी गई, जबकि आयोग को यह डेटा वेबसाइट पर अपलोड करना चाहिए था।




### आयोग बोला- दी गई थी सूचना

निर्वाचन आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि जिन लोगों के नाम हटाए गए, उन्हें सूचना दी गई थी, और ड्राफ्ट तथा फाइनल सूची दोनों राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई हैं। अदालत ने सवाल किया कि 3.70 लाख नामों में से कितनों से शिकायतें मिलीं, और उन पर क्या कार्रवाई हुई। इस पर आयोग की ओर से कहा गया कि कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि कोई यह सूची दे सके कि किन लोगों को आदेश की जानकारी नहीं मिली, तो अदालत उन्हें सूचित करने का निर्देश दे सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को अपील का अधिकार है और यदि लोग आगे आते हैं, तो अदालत उनकी बात सुनेगी। सवाल यह है कि हम किसके लिए ऐसा कर रहे हैं, लोग आगे क्यों नहीं आ रहे हैं।

### 'आयोग बटन दबाकर यह डेटा तुरंत दे सकता है लेकिन'

कोर्ट ने आयोग से कहा कि ड्राफ्ट और फाइनल लिस्ट के डेटा की तुलना कर रिपोर्ट गुरुवार तक दाखिल की जाए। वकील भूषण ने कहा कि आयोग बटन दबाकर यह डेटा तुरंत दे सकता है, लेकिन पारदर्शिता की कमी के कारण ऐसा नहीं किया जा रहा। अदालत ने कहा कि यह पूरी कवायद चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए की जानी चाहिए। सुनवाई अब 9 अक्टूबर, गुरुवार को होगी, जब याचिकाकर्ता नई दलीलों के साथ हलफनामे दाखिल करेंगे और निर्वाचन आयोग उस पर जवाब देगा।

### आयोग बताए गैर-भारतीय कितने : कांग्रेस



कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में चलाई गई मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूर्णता, समानता और सटीकता के मोर्चों पर विफल रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि आयोग के पास देश को यह बताने की ईमानदारी या साहस नहीं है कि बिहार में कितने ऐसे लोगों के नाम हटाए गए हैं जो भारत के नागरिक नहीं हैं।

## 'जांच में नहीं हो रही कोई गड़बड़ी': विमानन मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच में कोई हेराफेरी या गड़बड़ी नहीं हो रही है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस विमान हादसे की जांच कर रहा है। केंद्रीय मंत्री का बयान ऐसे समय में आया है जब एएआईबी की जांच पर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नायडू ने मंगलवार को अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर कहा कि वास्तव में क्या हुआ था, यह जानने के लिए सभी को एएआईबी की अंतिम जांच रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। जांच एक बहुत ही साफ-सुथरी और गहन प्रक्रिया है, जिसे हम नियमों के अनुसार कर रहे हैं।' एआईबी अंतिम रिपोर्ट पर एक बहुत ही पारदर्शी और स्वतंत्र अध्ययन कर रहा है। हम उन पर जल्दबाजी में कोई रिपोर्ट तैयार करने का दबाव नहीं डालना चाहते हैं इसलिए वे इसके लिए आवश्यक समय लेंगे।'

## 'रायबरेली में इंसान नहीं, संविधान की हत्या'



**नई दिल्ली**। रायबरेली में मॉब लिंचिंग को लेकर राहुल गांधी ने कहा- दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़ तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है, इंसाफ की जगह डर ने, लेकिन यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है। मैं परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। दरअसल, 2 अक्टूबर को हरिओम पासवान की हत्या हुई थी। शुरू में कहा गया था कि युवक ड्रोन चोर था। उसी दिन युवक को पीटने और उसकी लाश के वीडियो भी सामने आए थे। इसके बाद 4 अक्टूबर को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें मार खाते हुए युवक राहुल गांधी का नाम लेता है। इस पर भीड़ में से एक शख्स कहता है, यहां सब 'बाबा' वाले हैं।

## दीपिका-रणवीर अबू धाबी टूरिज्म के ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली**। अबू धाबी के पर्यटन को अब एक नया चेहरा मिल गया है। बॉलीवुड का मशहूर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अब इस खूबसूरत शहर के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। रणवीर पहले से ही अबू धाबी का प्रचार कर रहे थे, वहीं अब दीपिका के जुड़ने से ये दोनों मिलकर इस जगह को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यह पहला मौका है जब कोई बॉलीवुड जोड़ा किसी टूरिज्म डेस्टिनेशन का प्रतिनिधित्व करेगा। दोनों अब अपनी फिल्मों और कहानियों के ज़रिए लोगों को अबू धाबी की खूबसूरती, संस्कृति और वहां के गर्मजोशी भरे स्वागत से रूबरू कराएंगे। दीपिका पादुकोण ने अबू धाबी से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की।








# देवार जाति की स्त्रियां गाती हैं बीरम गीत

लोकगीत
शकुन्तला वर्मा



छत्तीसगढ़ अंचल में खानाबदोश देवार जाति की स्त्रियों द्वारा बीरम गीत गाई जाती है। घुमक्कड़ स्वभाव के कारण इन प्रचलित बीरम गीतों में विभिन्न क्षेत्रों के ऐतिहासिक संदर्भों का बखान मिलता है। बीरम गीत के बीच जब स्त्रियां चूड़ी खनकाती हैं, तब यह गीत उनके करुण एवं ह्रदय विदारक जीवन से मिलकर रस की वर्षा करता है। बीरम गीत में नारी जीवन की चिरंतर व्यथा का विशेष रूप से चित्रण हुआ है। नारी अपने मायके में सुखी जीवन जीती है पर ससुराल के नाम से वह व्यथित हो जाती है। देखें यह भाव इस गीत में -

मइके के खोल बड़ सोहन मोर ददा, रेंग लेहो बइहा झकोर।
ससुरे के खोल बड़ साकुर मोर ददा, रेंग लेहो बइहा सकेल।

इस गीत में माइके और ससुराल के मध्य अपने ह्रदय के अंदर पनप रहे भाव को पिता के समक्ष प्रकट कर रही है। एक अन्य पंक्ति जिसमें अपनी पीड़ा इस तरह व्यक्त करती हैं -

*अंगना में कुआं खनाय लेते मोर ददा, धियरी ल देते धकेल।*
*ऊपर पथना पिटाई देते मोर ददा ओ गंगा कर लेते असनान।*

आगे कहती है कि आप घर के आंगन में कुआं खुदवा कर उसमें मुझे धकेल देते और फिर गंगा स्नान कर लेते।

एक और भाव इस पंक्ति में -

*उड़त चिरैया ल तै झन टिपिबे गा पीठ के बहिनी समान।*
*अपन घर बेटवा अऊ पर घर बिटिया गा जोड़ी लिखीन भगवान।*

यह गीत के माध्यम से कहना चाहती है कि चिड़िया को मत मारो बहन के समान होती है। बेटा घर का और बेटी पराए घर की होती है। यह जोड़ी तो भगवान की बनाई हुई है।

चिन्हारी
बद्री प्रसाद पारकर

## खेती किसानी म नंदावत हे तुतारी



बेरा ल देखत छत्तीसगढ़ अंचल के खेती किसानी के तरीका संग ओमा उपयोग में आने वाला जरूरी समान में घलव बदलाव देखे जावत हे। ओहि म बईला मन ल काबू में करे खातिर तुतारी के उपयोग करे जाए। सुदूर अंचल जिहा आधुनिक विकास के पांव नी पहुंचे हे, उहे भर तुतारी के उपयोग होवत हे। आने वाला बेरा मे तुतारी काय होथे वोला जानना घलव मुश्किल हो जाहि। पहली लकड़ी आऊ बांस के कमी नी होवत रीहिस, जादा कर के लकड़ी या बांस के तुतारी बनाए जाए। ए तुतारी के उपयोग नागर जोते के बेरा, गाड़ी में फांदे बईला मन ल खेदे के काम आवत रीहिस। बईला मन हांकने वाला के हाथ में तुतारी ल देख के सोज रद्दा में रेंगत रीहिस। तुतारी ल लगभग 4 से 6 लंबा बांस या लकड़ी के पतला अकार के गोल रहय। तुतारी के आगू कोती खिला ठोक दें। वोकर बाद वो भाग ल नुकीला बना दे जाय। ओहि ऊपरी भाग में जानवर के खाल के चमेटा लगावय। तुतारी के उपयोग जानवर के पिछु भाग ल कोचके के काम आय। आगू भाग नुकीला होय के सेती जानवर के तन के ऊपरी भाग ह बेधा जात रिहिस। एकर ले जानवर के तन ले लहू निकल जथे, कभू कभू घाव घलव बन जाथे। येला बने होय में कतको दिन लग जाए। एक प्रकार ले जानवर मन के वोतक बेरा परीक्षा होवत रीहिस। अब तो पहली जईसे लकड़ी मिले न बांस, नंदाय के यहू एक ठन कारण आय।

खानपान
आशा ध्रुव

## बस्तरिया पकवान



बस्तर अंचल में रोटी को पीठा कहा जाता है। गुड़ और चावल के आटे के मिश्रण से तैयार एक तरह की तली हुई मीठी को आरसा पीठा कहते हैं। गेहूं आटे को दही के साथ गूंथ कर तेल में तली व्यंजन को सोहारी कहते हैं। चने के बेसन से बनी आम बोलचाल की भाषा में भजिया कहलाती है जिसे यहां के माडिया निवासी डाजेया कहते हैं। चावल आटे को गुड़ के साथ तेल में तली व्यंजन को गुलगुला कहा जाता है। इसी तरह गुड़ और चावल आटे के मिश्रण को पहले जलेबी का आकार दिया जाता है फिर सुखाया जाता है जिसे खाजा कहा जाता है। लाई, राजगीर और तिल को गुड़ में मिला कर सेकी जाती है और लडडू जय आकार दिया जाता है जिसे चापा लाडू कहते हैं। चावल आटे और गुड़ को तेल में मिला कर गर्म किया जाता है इसके बाद ठंडा होने पर गोलाकार चपटा किया जाता है जिसे बोबो यह गुला पीठा कहते हैं। इसी तरह चावल आटे, गेहूं आटे, बेसन और गुड़ के मिश्रण से ही कूकड़ा मिठई, चकली, केरी और गांजा मिठई बनाई जाती है। यह पकवान दशहरा और दीवाली के अवसर पर घर में लोग बनाते हैं। मेला मड़ई और साप्ताहिक हाट बाजारों में भी यह पकवान बिकने के लिए आती हैं। हल्बा, पनारा, राऊत धाकड़, मुरिया और दोरला जाति के लोग पकवान यहां पकवान बनाने में माहिर माने जाते हैं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक नाट्य
नंदकिशोर तिवारी

# छत्तीसगढ़ी रंगमंच का रोचक इतिहास



छत्तीसगढ़ में 1740 में मराठों का शासन काल आया। इनकी स्थापना का असर अंचल की कला और संस्कृति पर भी पड़ा। बीसवीं सदी के सातवें दशक से नेमीचंद जैन द्वारा संपादित नटरंग पत्रिका में हबीब तनवीर का नाचा पर केंद्रित कुछ लेख प्रकाशित हुआ। इसी दौरान अस्सी के दशक में राजिम में उनके द्वारा आयोजित नाट्य वर्कशॉप महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। छत्तीसगढ़ी रंगमंच पर इन घटनाओं का ज़बरदस्त प्रभाव पड़ा। कतिपय विद्वान चनैनी नृत्याभिनय को छत्तीसगढ़ी रंगमंच की प्रारंभिक अवस्था मानते हैं। चनैनी लोरिक और चंदा की प्रेम गाथा है। भक्ति आंदोलन के प्रभाव के फलस्वरूप भारत में भगवान राम और कृष्ण की लीलाओं का मंचन प्रारंभ हुआ। इससे मिलती जुलती कथा को लेकर छत्तीसगढ़ी में भी एक लोकगीत मिलता है। यह गीत डा. श्यामाचरण दुबे की पुस्तक ' फील्ड सांग्स आफ छत्तीसगढ़ ' में ' बोधरू गीत ' के नाम से संकलित है। बोधरू गीत को परम्परा से जोड़ा जाए तो छत्तीसगढ़ रंगमंच की परम्परा मुगलकालीन प्रतीत होता है। भारत की आजादी के आसपास कृष्ण लीला मंडली की स्थापना का प्रभाव क्षेत्र सिर्फ बिलासपुर जिला था। वर्तमान उड़ीसा और महाराष्ट्र का एक बड़ा भू भाग क्रमशः 1905 और 1956 के पूर्व मिलकर छत्तीसगढ़ प्रांत कहलाता था। इस कारण उड़ीसा में चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आंदोलन का प्रभाव छत्तीसगढ़ में पड़ा। भगवान कृष्ण की परिक्रमा करते कीर्तन की परम्परा प्रारंभ हुई। यह परम्परा आगे बढ़ कर रहस का रूप लिया। रहस की इस नाट्य परम्परा को राधा विहार और बृज विलास नामक कृतियां निरंतरता प्रदान करती हैं। इसी समय महाराष्ट्र का लोक मनोरंजन का साधन नाचा छत्तीसगढ़ में अपना रंग जमाने लगा। इसी काल खण्ड में दाऊ रामचंद्र देशमुख ने रंगमंच की दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार एक लंबे समय से छत्तीसगढ़ी में नाट्य लेखन की परम्परा तो मिलती है, किन्तु मंच के अभाव में निरर्थकता का शिकार भी हो रही है।



लोक साहित्य: डा. जीवन यदु

# ददरिया में भावों से भरा काव्य बिम्ब

छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य के समय ददरिया श्रम परिहार का गीत ही नहीं है वह समझदार लोक का काव्य भी है, जिसमें सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों की अभिव्यक्तियां हैं, काव्य सम्मत प्रतीक और बिम्ब भी है। प्रतीक और बिम्ब मनुष्य की लम्बी यात्रा में संग्रहित अनुभवों के काव्य रूप होते हैं। यदि लोक गीतों में प्रतीक और बिम्ब आते हैं तो इसका अर्थ यही निकलता है कि लोक उतना नासमझ नहीं है, जितना कि उसे समझ लिया गया है। इसके उल्टे वह काव्य की समझ रखने वाला समाज है। काव्य में प्रतीकों में कुछ कह देना समझदारी वाला काम है। पुराने पड़ते प्रतीकों से बिम्बो का जन्म होता है। बिंबों से हमें ऐसे छाया लोक के दर्शन होते हैं जहां से काव्य में शब्द, पद , पंक्ति, समय और स्थान के अनुसार व्यंजना प्रधान संकेत प्रकट करने लगते हैं तब हम उसे एक ही सीमित अर्थ में बांध नहीं सकते हैं किन्तु वे वर्तमान में प्रवेश कर जाते हैं यही उसकी काव्य सफलता होती है। ददरिया लोक गीत में जो लोक मन उभरता है, वह अन्य लोकगीतों में उपस्थित लोक मन की तरह विस्तृत और विशाल है। इस लोक मन का कोई ओर है न छोर। धरती आकाश को एक साथ पा लेना इस लोक मन के लिए एकदम सहज है। लोक मन अपने भूगोल ज्ञान से शिक्षितों और भौगोलिक ज्ञान को चुनौती देता है। वह ग्रह नक्षत्रों को अपनी हथेली पर रखे पुलकित हो जाता है।





ऐतिहासिक
बाबू मावली प्रसाद श्रीवास्तव

# पूर्वकालीन डिस्ट्रिक्ट कौंसिल और शिक्षा व्यवस्था

प्राचीन काल में गुरुकुल, ऋषिकुल और तपस्वियों के आश्रम, कॉलेज और स्कूल की व्यवस्था निभाते थे। छत्तीसगढ़ में प्राचीन समय में कुल पुरोहित, मंदिरों के महंत और पुजारी जनता को उच्च शिक्षा के साथ शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते थे, इसके बदले में जनता इन्हें जागीरें देती थीं। शिक्षा व्यवस्था बेहतर और संस्कारयुक्त होती थी।

व्यवस्था परिवर्तन के साथ शिक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन हुआ। राजा महाराजाओं और अंग्रेजों के शासन व्यवस्था के बाद स्वतंत्र भारत में शिक्षा व्यवस्था की बागडोर शासन के हाथों में आ गई। सन 1864 में नागपुर मुनिस्पलिटी बनी और सन 1867 में 43 अन्य शहरों में। अविभाजित म. प्र. में शिक्षा व्यवस्था सन 1882 में स्थापित हुआ। इस विभाग ने कालेजों और हाईस्कूल की निगरानी करने, शिक्षकों को प्रशिक्षित करने और देखरेख को उचित माना। देहातों और शहरों की प्राथमिक शिक्षा का सारा भार धीरे धीरे डिस्ट्रिक्ट कौंसिल और म्युनिस्पलिटियों को सौंपा गया। प्रांतीय सरकार कुछ अनुदान देने लगीं। स्थानीय व्यवस्था से बजट बनाकर विस्तारित किया जाने लगा। सन 1930-31 में म. प्र. और बरार की मुनिस्पलिटियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। इसके बाद लोकल बोर्डों की भी स्थापना हुई। निरन्तर इस दिशा में विकास के क्रम में आज की स्थिति में राज्य में अनेक निजी और शासकीय विद्यालय - विश्वविद्यालय उच्च और व्यवसायिक शिक्षा छात्रों को उपलब्ध करा रहे हैं।

सुरता : सुधा वर्मा

# शिक्षा के साथ समाजसेवा के लिए जाने गए डा. नरेन्द्र देव वर्मा

नरेन्द्र देव वर्मा का जन्म सेवाग्राम वर्धा नामक स्थान में 4 नवम्बर सन 1939 को हुआ था। उनके पिता स्व. धनीराम जी वर्मा एक शिक्षक थे। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा अपने कुल 5 भाइयों में अकेले गृहस्थ थे।

केवल चालीस वर्ष में अपनी सृजनधर्मिता दिखाने वाले डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा, वस्तुतः छत्तीसगढ़ी भाषा-अस्मिता की पहचान बनाने वाले गंभीर कवि थे। हिन्दी साहित्य के गहन अध्येता होने के साथ ही, कुशल वक्ता, गंभीर प्राध्यापक, भाषाविद् तथा संगीत मर्मज्ञ भी थे।

**मैट्रिक के बाद** : बी.ए. के बाद एम. ए.की पढ़ाई के लिए सागर यूनिवर्सिटी में भर्ती हो गये। यहाँ उनकी पहचान एक वक्ता के रूप में सामने आई जब अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाले वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए उन्हें सागर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला और उन्हें इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में चुना गया। एम.ए. के बाद उन्हें प्रयोगवादी काव्य और साहित्य चिंतन शोध प्रबंध विषय पर सन 1966 में पी.एच. डी. की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से भाषा विज्ञान में एम. ए. किया और सन 1973 में विषय छत्तीसगढ़ भाषा का उद्भव विकास शोध प्रबंध के आधार पर भाषा विज्ञान में पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई।

आपका विवाह सिर्फ 18 वर्ष की आयु में ही हो गई थी। नरेन्द्रदेव जी के ज्येष्ठ भाई तुलेन्द्र (विवेकानंद आश्रम के स्वामी आत्मानंद ) बचपन से ही स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए पथ का अनुसरण कर रहे थे। उनकी अपनी एक पहचान बन चुकी थी, परन्तु विवेकानंद के आदर्शों की उनकी इस आस्था का प्रभाव उनके भाइयों में पड़ना स्वाभाविक था। उनके पिता धनीराम जी द्वारा इसको भांप कर उनके दूसरे क्रम के भाई देवेंद्र और मात्र 18 साल के नरेंद्र की विवाह तय कर दी गयी। शादी वाले दिन देवेंद्र शादी स्थल से ही भाग गए और नरेंद्र देव वहां फंस गए। इसी कारण उनके परिवार में सिर्फ नरेन्द्र वर्मा ही इकलौते गृहस्थ जीवन यापन करने वाले सदस्य थे।



उनके बड़े भाई ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद जी का प्रभाव उनके जीवन पर बहुत अधिक पड़ा था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं दीर्घायु प्राप्त यशस्वी शिक्षक पिता स्व. धनीराम वर्मा के पाँच यशस्वी पुत्रों में डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा एकमात्र विवाहित और गृहस्थ थे। तीन पुत्र रामकृष्ण मिशन में समर्पित संन्यासी एवं एक पुत्र अविवाहित रहकर पं.रविशंकर विश्वविद्यालय में प्राध्यापक है तथा स्वामी आत्मानंद जी के 'स्वप्न केन्द्र' विवेकानंद विद्यापीठ के संचालक है। इस प्रकार डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा का जीवन विवेकानंद भावधारा से प्रभावित उत्तम संस्कारों का जीवन था-जहाँ छत्तीसगढ़ी संस्कृति की लोक भावधारा भी नदी के कल-कल ध्वनि की तरह बहती थी। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा साहित्य के क्षेत्र में इतने अधिक प्रतिभावान थे की उनसे साहित्य का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं था वे एक कवि, उपन्यासकार, चिंतक, नाटककार, संपादक और श्रेष्ठ मंच संचालक थे।

**छत्तीसगढ़ी गीत संग्रह:** अपूर्वा (सुप्रसिद्ध संग्रह)

**हिंदी उपन्यास:** सुबह की तलाश (सोनहा बिहान छत्तीसगढ़ी रूपांतरित नाटक जो छत्तीसगढ़ में सुप्रसिद्ध नाटक है)

**हिंदी ग्रन्थ:** छत्तीसगढ़ भाषा का उद्विकास, नयी कविता सिद्धांत एवं सृजन, हिंदी नव स्वच्छन्दवाद, हिंदी स्वच्छंदवाद प्रयोगवादी।

**छत्तीसगढ़ प्रहसन:** मोला गुरु बनाई लेते।

हिंदी अनुवाद: श्री मां की वाणी, श्री कृष्ण की वाणी, मोंगरा, श्री राम की वाणी, पैगम्बर मोहम्मद की वाणी, ईसा मसीह की वाणी, बुद्ध की वाणी।

डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा के जीवन का दूसरा पक्ष लोककला से भी जुड़ा था। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के यशस्वी और अनोखी प्रस्तुती देने वाले स्व. महासिंह चंद्राकर के रात भर चलने वाले लोकनाट्य 'सोनहा बिहान' के प्रभावशाली उद्घोषक हुआ करते थे। उनका स्वर, श्रोताओं और दर्शकों को अपने सम्मोहन में बांध लेता था। वे अपने अंतिम समय तक इसका संचालन करते रहे। जब यह स्वर अचानक बंद हुआ तो, उन्हीं की पंक्ति आकाश व धरती में गूँजने लगी-

' न जमो हर लेवना के उफान रे टलन जाही।
दुनिया अठवारी बजार '

डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा छत्तीसगढ़ी भाषा की अस्मिता के प्रतीक थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और व्याकरण का ग्रंथ लिखा-छत्तीसगढ़ी का उद्विकास। छत्तीसगढ़ी अनेक छत्तीसगढ़ी कहानियाँ कथाकथन शैली में प्रकाशित हुई (सन- 1962 से 65 के बीच) हिन्दी में ‌‌ॾसुबह की तलाशॾ उपन्यास, 'अपूर्वा' काव्य संकलन प्रकाशित हुआ। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने यद्यपि गृहस्थ जीवन व्यतीत किया, फिर भी उनके अंतस् में विवेकानंद भाव धारा एवं रामकृष्ण मिशन का गहन प्रभाव था। उनके ह्रदय में छत्तीसगढ़ के प्रति अपार प्रेम था। वे छत्तीसगढ़ी लोककला के प्रेमी, लोक संस्कृति के गायक और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य की परंपरा को समृद्ध करने वाले महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे कथाकार कवि और दार्शनिक तो थे ही, छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त भाषा-विज्ञानी भी थे। उन्होंने अपने गीतों की स्वरलिपि भी तैयार की।

' अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार,
इंद्रावती हा पखारे तोर पइयाँ,
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मइयाँ ।'

इस गीत के अमर रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने छत्तीसगढ़ की वंदना के कई अविस्मर्णीय गीत लिखे।

डॉ. नरेन्द्र देव सिर्फ 40 वर्ष की उम्र में ही 8 सितम्बर 1979 को रायपुर में ब्रम्हलीन हो गए।

## डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूट 88.78 पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 88.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने तथा निरंतर विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के बाजार से अलग रहने के कारण घरेलू मुद्रा सीमित दायरे में रही।

### 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में बोली वित्त मंत्री

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई के दुरुपयोग को रोकने पर ध्यान दें : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि आज अपराधी भी कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में कहा कि भारत में विभिन्न एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। इस कार्यक्रम में सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है।

- कहा, आज अपराधी भी एआई का इस्तेमाल कर रहे

**खास बातें**

- भारत में एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता
- सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरू



### हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं के संदर्भों में हो

